अटल संवाद

जुलाई 2015 से अप्रैल 2017

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

(मध्य प्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)

संपादक की कलम से

पीढ़ी पढ़ेगी – हिंदी बढ़ेगी हमारे विश्वविद्यालय के इस ध्येय को आत्मसात करते हुए हमारा प्रयास है कि शिक्षा से जन-जन का नाता प्रगाढ़ता से जुड़े तथा उसमें कोई बाधा न आये इसलिए उसका माध्यम हिंदी अर्थात् हमारी आपकी अपनी भाषा 'हिंदी' भाषा ही रहे। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय विगत पांच वर्षों से भाषा यज्ञ में सतत् आहुति प्रदान कर रहा है। इन्ही सार्थक प्रयासों का परिणाम है कि हिंदी को अपने भविष्य की अवनति न समझकर विद्यार्थियों ने इसे उन्नति का सेतु स्वीकार किया और हिंदी माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त की। निश्चित ही आने वाला समय हम भारतीयों का है जिसमें हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सुदृढ़ आधार का पर्याय बनेंगे। विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले प्रथम दीक्षांत समारोह का उद्देश्य हिंदी माध्यम को स्वीकार कर भविष्य गढ़ने वाले उन विद्यार्थियों का सम्मान करना है जो वैश्विक जगत् में भारत को उच्च स्थान दिलाने में अमूल्य योगदान देंगे।

विश्वविद्यालय के इस प्रथम दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रकाशित हो रहे इस से आप सभी निश्चित तौर से अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय की हिंदी सेवी कार्ययोजना से परिचित हो सकेंगे और भविष्य की अनेक संभावनाओं के प्रति शैक्षणिक आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति के लिए विश्वविद्यालय की विविध पाठ्यचर्याओं को भी जान सकेंगे। इस अंक में आपको विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और पाठ्यक्रमों का भी विस्तृत ब्यौरा प्राप्त होगा।

हमारा विश्वविद्यालय हिंदी के बेहतर विकल्प वर्तमान पीढ़ी को प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें हिंदीभाषी व्यक्तियों का सार्थक योगदान न हो। विश्वविद्यालय अभियांत्रिकी, प्रबंधन, विधि, कृषि, विज्ञान एवं कला जैसे विविध विषयों के अध्ययन-अध्यापन की संपूर्ण गतिविधियों का नियोजन और क्रियान्वयन कर रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों को गंभीरता से लेकर शिक्षा-आयामों को पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सभी पाठ्यचर्याओं को मूर्त रूप दे रहा है। इस अंक के माध्यम से हमारा विश्वविद्यालय परिवार एक संवाद श्रृंखला प्रारंभ कर रहा है जिससे हमें आपके सुझाव और मार्गदर्शन प्राप्त हो सकें।

आपके सहयोग की अपेक्षा में...............................

डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति
प्रभारी
भाषा एवं अनुवाद विभाग
अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,भोपाल

संरक्षक

प्रो. मोहन लाल छीपा

मार्गदर्शक

डॉ. संजय प्रकाश तिवारी

संपादक मंडल

डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति

डॉ. कमलिनी पशीने

डॉ. अनीता चौबे

डॉ. निवेदिता शर्मा

सहयोग

अनीता कुडवारिया